दिन—मंगलवार दिनांक— 09/07/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:10 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

रूपौली विधानसभा उपचुनाव के लिए कल मतदान होगा। मतदान सुबह सात बजे से शुरू होकर शाम छह बजे तक चलेगा। उपचुनाव में कुल ग्यारह प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं, लेकिन मुख्य मुकाबला एनडीए उम्मीदवार जदयू के कलाधर प्रसाद मंडल और महागठबंधन की ओर से राजद उम्मीदवार बीमा भारती के बीच माना जा रहा है। निर्वाचन आयोग के अनुसार इस क्षेत्र में तीन लाख तेरह हजार छह सौ चौंसठ मतदाता हैं। इनमें एक लाख इकसठ हजार सात सौ बारह पुरूष, जबकि एक लाख इक्यावन हजार नौ सौ छत्तीस महिला वोटर हैं। पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं की संख्या तीन हजार नौ सौ इक्यावन है। थर्ड जेंडर वोटर की संख्या मात्र सोलह है। मतों की गिनती तेरह जुलाई को होगी।

———————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में हुई भारी बारिश के चलते कोसी, गंडक, बागमती और महानंदा नदी उफान पर है। केन्द्रीय जल आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार गंडक नदी गोपालगंज के डुमरियाघाट में खतरे के निशान को पार कर गयी है। वहीं, बागमती नदी का जलस्तर रून्नीसैदपुर और बेनीबाद में लाल निशान से ऊपर दर्ज किया गया। कोसी नदी खगड़िया के बलतारा और महानंदा नदी किशनगंज के तैयबपुर, पूर्णियां के ढेंगराघाट और कटिहार के झावा में खतरे के निशान को पार कर गयी है। परमान नदी का जलस्तर भी अररिया में लाल निशान से ऊपर बना हुआ है। हमारे संवाददाता ने बताया कि वाल्मीकिनगर गंडक बाराज से लगातार पानी छोड़े जाने के बाद पूर्वी चम्पारण, पश्चिमी चम्पारण, गोपालगंज और सारण जिले के निचले इलाकों में बाढ़ का पानी फैल गया है। पूर्वी चम्पारण में गंडक के साथ—साथ सिकरहना नदी भी उफान पर है। वहीं, पश्चिम चम्पारण में गंडक और सिकटा नदी तबाही मचा रही है। गोपालगंज से हमारे संवाददाता ने बताया कि गोपालगंज सदर और मांझा प्रखंड क्षेत्र के कई गांव बाढ़ की चपेट में आ गये हैं। सारण जिले में भी गंडक नदी का पानी कई निचले इलाकों में फैल गया है। इधर, सुपौल जिले के किशनपुर, सुपौल सदर, सरायगढ़—भपटियाही, मरौना और निर्मली प्रखंड की पांच लाख से अधिक की आबादी

बाढ़ से प्रभावित है। दरभंगा, मधुबनी और कटिहार जिले के कई प्रखंड भी आंशिक रूप से बाढ़ की चपेट में है।

———————————————————

प्रदेश में मॉनसून की गतिविधियां कमजोर पड़ गयी है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक राज्य में दो सौ अड़तीस दशमलव चार मिलीमीटर बारिश हुई है, जो सामान्य से नौ प्रतिशत कम है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान किशनगंज, पूर्णियां, कटिहार और सीवान जिले के कुछ स्थानों पर मध्यम से भारी बारिश हुई है। किशनगंज के तैयबपुर में सबसे अधिक चौरासी दशमलव दो मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों में राज्य के उत्तरी भागों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की आशंका है। वहीं, राज्य के शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश का पूर्वानुमान है।

———————————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज पटना के बख्तियारपुर में विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। श्री कुमार ने घंसूपुर स्थित प्रस्तावित गंगा चैनल लिंक और बख्तियारपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के पास निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने सीढ़ी गंगा घाट और पाथवे का भी जायजा लिया।

———————————————————

बेगूसराय के बिहट स्थित रतन चौक के पास आज सुबह ऑटो रिक्शा और कार के बीच हुई टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इधर, नालंदा जिले के वेन थाना क्षेत्र अन्तर्गत पेठना टोल प्लाजा के पास खड़ी एक ट्रक में बालू भरे एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गयी जबकि एक अन्य घायल हो गया।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।